सम्मेलन | पटवा समाज का राष्ट्रीय वैवाहिक महासम्मेलन

# सामाजिक एकता और नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य का दिया संदेश







**नवभारत,जबलपुर।** पटवा समाज मेरे अपने परिवार की तरह है। समाज की प्रगति और संगठन की भावना अनुकरणीय है। नगर निगम और प्रशासन समाज के हर रचनात्मक कार्य में सदैव सहयोग करेगा, उक्त बातें महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने रविवार को अग्रसेन मंडपम में पटवा समाज का राष्ट्रीय वैवाहिक महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर कहीं।

वहीं, विधायक अभिलाष पांडे ने समाज की भवन हेतु भूमि की मांग को सरकार तक पहुँचाने का आश्वासन दिया। पटवा समाज का यह राष्ट्रीय वैवाहिक महासम्मेलन बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ।

## एक से परिधान में दिखे सदस्य

सम्मेलन में समाज के सभी सदस्य एक से परिधान में नजर आए जिसमें सभी पुरुषों ने एक ही कलर की मोदी जैकेट में थे तो वहीं महिलाएं गुलाबी साड़ी में शामिल हुई। समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष दयाशंकर पटवा तथा प्रदेश अध्यक्ष श्रीकांत पटवा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन में मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से समाज के प्रतिनिधि, पदाधिकारी और विवाह योग्य युवक-युवतियां बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मोह लिया मन

महासम्मेलन का शुभारंभ प्रात: 10:30 बजे मा महागौरी की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात गणेश वंदना एवं आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

## दूसरे सत्र में वैवाहिक परिचय और समाज विकास पर मंथन

दूसरे सत्र में लगभग 500 युवक-युवतियों ने अपने वैवाहिक बायोडाटा प्रस्तुत किए। समानांतर सत्र में राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों ने समाज के उत्थान हेतु शिक्षा क्षेत्र में विशेष कार्ययोजना बनाने पर विचार-विमर्श किया। सम्मेलन में लगभग 3000 स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। सभी के लिए नाश्ता व भोजन की उत्कृष्ट व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की गई थी।

### इनका कहना है



ऐसे सम्मेलन युवाओं के जीवन में नई दिशा देते हैं। समाज को एक मंच पर लाने का यह प्रयास सराहनीय है। इससे आपसी परिचय और विश्वास दोनों बढ़ते हैं।
**सुधा पाटकर**



सम्मेलन में दूर- दराज से आए कई युवा सम्मेलन में पहली बार शामिल हुए। समाज द्वारा दिया गया यह अवसर युवाओं के लिए बहुत उपयोगी होगा।
**गरिमा पटवा**



महासम्मेलन ने सामाजिक एकता को मजबूत किया है। शिक्षा और आत्मनिर्भरता पर समाज का ध्यान केंद्रित होना समय की आवश्यकता है।
**ऋतुराज लखेरा**



हमारे समाज की युवाशक्ति में अपार क्षमता है। ऐसे आयोजन सिर्फ परिचय मंच नहीं, बल्कि सामाजिक संगठन का प्रतीक बनते जा रहे हैं।
**सौरभ पाटिल**



# मधुर वचन अमृत जैसे, उपकारी और कटु विष के समान

▶ संजीवनी नगर में पंचकल्याणक महोत्सव का भव्य आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** संजीवनी नगर स्थित पंचबालयति महावीर तीर्थ में श्री मज्जिनेन्द्र जिनबिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन जारी है। रविवार को महोत्सव में ज्ञान कल्याणक का आयोजन हुआ। समवशरण की आकर्षक रचना और महामुनी ऋषभदेव की आहारचर्या की संगीतमय प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मुख्य प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी आशीष, पियुष, अशोक तथा सह-प्रतिष्ठाचार्य अशोक दानी ने मंत्रोच्चार के साथ विधान सम्पन्न कराया। कार्यक्रम में आचार्य विशुद्धसागर महाराज व मुनि संघ की पावन उपस्थिति रही।

आचार्य विशुद्धसागर महाराज ने धर्मसभा में कहा कि मधुर वचन अमृत के समान उपकारी होते हैं, जबकि कटु वचन विष के समान हानिकारक। प्रवचनांश संग्रह श्रवणाचार्य विशुद्धसागर जी के प्रवचन का विमोचन एडवोकेट देशराज जैन द्वारा किया गया। संचालन अनिल सागर ने किया। आज मोक्ष कल्याणक के अंतर्गत भगवान आदिनाथ के निर्वाण कल्याणक, पूजन, हवन एवं नवीन वेदी में बिंब स्थापना का आयोजन किया जाएगा।

# नुक्कड़ नाटक के जरिए सायबर अपराध से बचने चल रहा अभियान

▶ नगर निगम के प्रयास को मिल रही सराहना



**नवभारत,जबलपुर।** शहर में सायबर अपराध एवं सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव को रोकने के संबंध में नगर निगम द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि जागरूकता अभियान के अंतर्गत नगर निगम द्वारा भी शारदा चौक, आदर्श कन्यशाला प्रेम नगर, तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज एवं हितकारिणी कन्या शाला में जागरूकता के लिए सेमिनार एवं देवताल एवं सूपाताल के पास नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर नागरिकों को जागरूक किया गया और सायबर अपराध से बचने संबंधी संदेशों का प्रसार किया गया। इस अवसर पर तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज के आयोजन के समय संस्था के वरिष्ठ प्रोफेसर खन्ना ने भी अपने अनुभव साझा किये एवं आयोजन की सार्थकता की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान शहरवासियों को साइबर धोखाधड़ी की शिकायत के लिए तत्काल राष्ट्रीय हैल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल करने की बात भी कही गई। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारी- कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में कॉलेज-स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ नागरिक आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे, ननि में कार्यक्रम आज

**नवभारत,जबलपुर।** भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150 वर्ष पूर्ण होने पर देश भर में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के द्वारा सभी नगरीय निकायों में वंदेमातरम् गीत गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। नगर निगम द्वारा भी 10 नवम्बर आज सोमवार को राष्ट्रगीत वंदे मातरम् कार्यक्रम नगर निगम परिसर में आयोजित किया गया है। नगर निगम परिसर में आयोजित राष्ट्रगीत वंदे मातरम् कार्यक्रम पर निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को सुबह 9:30 बजे उपस्थित रहने आदेशित किया है।

# शिक्षा उन्नति का सर्वोत्तम मार्ग : सोहाने



**नवभारत,जबलपुर।** गहोई शिक्षा प्रसार समिति (अखिल भारतीय) जबलपुर द्वारा गहोई छात्र पदक अलंकरण एवं छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक सुश्री सविता सोहाने मुख्य अतिथि रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में आर. एन. पहारिया, चेयरमैन तक्षशिला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, एवं डॉ. अनीता बब्बर, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष डॉ. अरुण सरावगी ने की। मुख्य अतिथि सुश्री सोहाने ने कहा कि शिक्षा उन्नति का सर्वोत्तम मार्ग है और समिति द्वारा किए जा रहे प्रयास समाज के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर प्रतिभावान गहोई छात्र-छात्राओं को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक तथा प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। समिति द्वारा समाज के जरूरतमंद परिवारों की 32 छात्राओं को प्रत्येक 6000 रुपए की छात्रवृत्ति चेक के माध्यम से प्रदान की गई। समारोह में नए आजीवन व संरक्षक सदस्यों इं. कमलकांत गुप्ता बहरे, डॉ. अरुण रावत, श्रीमती रश्मि रमेश पहारिया, विजय सुहाने सहित दानदाताओं का शाल, श्रीफल, मोती माला व पुष्पगुच्छ से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में इं. अरुण खर्द, सुभाषचंद्र रावत, डॉ. श्रीकृष्ण बिलैया, प्रो. राजेन्द्र चपरा, इं. श्रीकांत कस्तवार (पूर्व अध्यक्ष), कृष्ण कुमार लोहिया, इं. अशोक नौगरैया, इं. संतोष कुमार गुप्ता (सिपौल्या), एड. उत्तमचंद बिलैया, एड. अशोक गुप्ता (पिपरसानियां), सीता सरावगी, इं. हरिशंकर सुहाने, कमलेश मसुरहा, रागिनी सरावगी, शंभूदयाल बड़ेरिया, पुरुषोत्तम झुड़ेले, डॉ. आर.एस. सोहाने, इं. रामगोपाल ददरया, पुष्पा ददरया, आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन राखी पहारिया तथा आभार प्रदर्शन इं. कमलकांत गुप्ता बहरे द्वारा किया गया।

### एक नजर में





## याद किया दिल ने कहां हो तुम...

**नवभारत,जबलपुर।** गुंजन गीत माला के अंतर्गत फिल्म अभिनेता देवानंद स्पेशल कार्यक्रम में दत्त मंदिर प्रेक्षागृह, गोलबाजार में नगर के गायक, गायिकाओं द्वारा एक से बढकर एक गीतों की प्रस्तुति की गई। कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज़ में देवानंद जी के गाने प्रस्तुत किए - अच्छा जी मैं हारी। पन्ना की तमन्ना है कि। याद किया दिल ने कहाँ हो तुम। दिल पुकारे आरे आरे। गाता रहे मेरा दिल। शोखियों मैं घोला जाए। सौ साल पहले मुझे तुमसे प्यार था। मैं ज़िन्दगी का साथ निभाता चला गया, आदि आदि। संध्या जैन के संयोजन एवं गायन में गुंजन गीत माला की दसवीं प्रस्तुति का दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। गायक कलाकारों में पल्लवी फाटक, प्रीति मंडल, मोहित मिश्रा, जितेंद्र बावले, सुशील श्रीवास्तव, किशोर कथूरिया, किशोर तम्हाने, राजेश शर्मा उल्लेखनीय रहे। कार्यक्रम का भावभरा संचालन शिल्पा ताम्हणे ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विजय जायसवाल, बलविंदर मन, विमला श्रीवास्तव सहित उपस्थित गायकों ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। आभार प्रदर्शन सुशील श्रीवास्तव ने किया।



## ओल्ड इज़ गोल्ड गीतों से सजी यादगार संध्या

**नवभारत,जबलपुर।** दत्त मंदिर के अनुसूया हाल में रामेश्वरम म्यूज़िकल ग्रुप द्वारा ओल्ड इज़ गोल्ड सांग्स थीम पर गीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सामूहिक प्रार्थना इतनी शक्ति हमें देना दाता से हुआ।कार्यक्रम में कुल 30 गायकों ने भाग लिया, जिनमें 6 नए गायक पहली बार मंच पर प्रस्तुत हुए। अश्विनी पापरीकर, पूर्णिमा, रश्मी पांडे, सुधीर, अनुजा, राजेन्द्र कोरी, राजेन्द्र खोकले, सुभाष देशपांडे, समरजीत, आलोक पटेल, संजय पटेल आदि कलाकारों ने एक से बढ़कर एक पुराने गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब सराहना पाई। आयोजन का संचालन अश्विनी पापरीकर और सुधीर श्रीवास ने किया, जबकि प्रमोद बड़समुद्रकर कार्यक्रम संयोजक और ए. राजेश्वर राव मार्गदर्शक रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रभाकर पापरीकर ने आभार व्यक्त किया।

## उपनयन संस्कार के लिए शुरू हुए रजिस्ट्रेशन

**जबलपुर, नवभारत।** संपूर्ण ब्राह्मण मंच निशुल्क उपनयन संस्कार एवं निशुल्क परिचय सम्मेलन कराने जा रहा है। ब्राह्मण समाज एवं अन्य समाज जो उपनयन संस्कार भाग लेना चाहते हैं वह अपना रजिस्ट्रेशन निशुल्क संपूर्ण ब्राह्मण मंच कार्यालय गढ़ा जबलपुर दर्ज कर सकते हैं। इस सम्मेलन की प्रभारी की नियुक्ति बैठक के साथ की गई है जिसमे पुष्पा तिवारी, आभा तिवारी डॉ सुधा मिश्रा, डॉ राजेश शर्मा, सीताराम कुरचानिया, यदुवंश मिश्रा, निशांत शर्मा, रावेंद्र तिवारी, एडवोकेट आनंद जोशी मौजूद थे।

# डुमना में साईकिल रेस का आयोजन



**जबलपुर, नवभारत।** रविवार 9 नवंबर को अस्मिता खेलो इंडिया के तहत साइकिल रेस का आयोजन डुमना रोड पर किया गया। जिसमें प्रदेश की लगभग डेढ़ सौ से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता 18 वर्ष से कम और 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए थी इस अवसर पर मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह रहे वही विशेष अतिथि कैंट विधायक अशोक रोहाणी ने झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। वही मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह, भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, पार्षद कमलेश अग्रवाल एवं पार्षद रजनी साहू एवं माइकल कपूर उपस्थित थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में मध्य प्रदेश एमेच्योर साइकिलिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष प्रवीण कपूर, संजय सिंह बॉडीबिल्डिंग संघ के जिला सचिव विजय रजक थे। प्रतियोगिता का संचालन डॉक्टर सुनील लखेरा द्वारा किया गया टेक्निकल कमेटी में पहलाद सोनी, मयंक पटेल का विशेष योगदान रहा।

# एड .विवेक लीगल एडवाइजर नियुक्त





**जबलपुर, नवभारत।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानन्द तिवारी एवं राष्ट्रीय सयोजक नलिनकांत वाजपेयी की अनुमति, मध्यप्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे, प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक एवं प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया की सहमति से वरिष्ठ पत्रकार एवं अधिवक्ता विवेक तिवारी को परिषद के लीगल एडवाइजर जैसे महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है। वही जबलपुर संभाग के अध्यक्ष पंडित चंद्रशेखर शर्मा की अनुशंसा पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के अधिवक्ता हर्ष सोनी को राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद जबलपुर जिले के विधि प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। अनुशासन समिति के प्रदेश प्रमुख के जी शर्मा, प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक, प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया, जबलपुर संभागीय अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, जबलपुर जिला अध्यक्ष सिमरन सिंह शुक्ला, प्रदेश प्रवक्ता उमेश शुक्ला, प्रदेश सचिव संतराम केवरे, सहित सभी संभागीय प्रदेश के पदाधिकारीयों ने दोनों पदाधिकारी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# तेरे चेहरे से नजर नहीं हटती...

▶ शोभा सिंह म्यूजिकल स्टार ने आयोजित किया कार्यक्रम



**जबलपुर, नवभारत।** शोभा सिंह म्यूजिकल स्टार द्वारा गीत संगीत का शानदार प्रोग्राम दत्त मंदिर में आयोजित किया गया। प्रोग्राम की शुरुआत भक्ति गीत लाली लाली लाल चुनरिया से हुई जिसे स्वयं शोभा सिंह ने गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री मप्र सरकार दर्जा प्राप्त रवीकरण साहू थे। इसके बाद कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक गीत गाए गए जिसमें मेरी बिंदिया तेरी निंदिया, तेरे इश्क का हुआ यह असर, तेरा मेरा दिल में तराना है, हुई शाम उनका दिल में ख्याल आया, पत्ता पत्ता बूटा बूटा, पत्थर के सनम सौ बार जन्म लेंगे, तेरे चेहरे से नजर नहीं हटती, पल भर के लिए हमें कोई प्यार कर ले और कार्यक्रम का सबसे हिट सॉन्ग लंबू तंबू में गया गया था जिसपर श्रोताओं ने खूब तालियां बजाई।

## इन कलाकारों ने बांधा समा

कार्यक्रम के दौरान फिल्मी गीतों पर राजेश ठाकुर, विनोद सीतलानी, डॉ अनिल बाजपेई, डॉ. अशोक मिश्रा, प्रशांत सोनी, राज बेन, मनीष श्रीवास्तव और रचना, अनिल और विनीता कोरी जैसे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगाए। वही मंच का संचालन अनिल श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ. अनिल बाजपेई और सी के सिंह विशेष रूप से मौजुद रहे।

### इनका कहना है



इस कार्यक्रम के लिए हम कटनी से जबलपुर आए थे। हमने भी पत्ता पत्ता बूटा बूटा जैसे अनेक गीत गाए थे।
**विनोद शीतलानी**



कार्यक्रम में पधारे सभी वरिष्ठजनों का बहुत-बहुत आभार। गीत संगीत हमें भाग दौड़ भरी जिंदगी में सुकून के कुछ पल देता है।
**शोभा सिंह**

कॉन्क्लेव | व्हीएफजे में इंडियन डिफेंस कॉन्क्लेव का समापन

# जबलपुर बना डिफेंस इनोवेशन का हब





**नवभारत, जबलपुर।** तीन दिनों तक रक्षा उत्पादन के नए आयाम गढ़ने वाले इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉन्क्लेव 2025 का शुक्रवार को व्हीएफजे स्टेडियम में भव्य समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एवीएनएल व्हीएफजे के मुख्य महाप्रबंधक प्रवीण कुमार रहे। कॉन्क्लेव के तीसरे दिन पूरे परिसर में जोश और उत्साह का माहौल था। देशभर से आए रक्षा उद्योगों, एमएसएमई, स्टार्टअप्स और इनोवेटर्स के स्टॉल्स पर लगातार भीड़ उमड़ती रही। करीब 60 से अधिक एक्जीबिटर्स ने अत्याधुनिक रक्षा उपकरणों और तकनीकी उत्पादों की झलक दिखाई। वहीं, वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम में एवीएनएल, बीईएल, एचएएल, बीडीएल, टीएएसएल, मिधानी और अशोक लेलैंड जैसी कंपनियों ने सप्लाई चेन व प्रोक्योरमेंट पॉलिसी की विस्तृत जानकारी दी।

## भारत में रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में असीम संभावनाएं

समापन समारोह में प्रवीण कुमार ने कहा कि जबलपुर में आयोजित यह कॉन्क्लेव आत्मनिर्भर भारत अभियान की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा, भारत में रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। गुणवत्तापूर्ण निर्माण के साथ एमएसएमई और पीएसयू मिलकर नई ऊंचाइयां हासिल कर सकते हैं।

### तीन दिनों में 500 से अधिक कंपनियों ने की भागीदारी

इस मौके पर सीआईआई के प्रवीण धीमन और एवीएनएल के बी. राजेश कन्ना ने कॉन्क्लेव की सफलता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि तीन दिनों में 500 से अधिक कंपनियों ने भागीदारी की। कई बी2बी बैठकों में भविष्य के सहयोग और निवेश के रास्ते खुले। कार्यक्रम का संचालन देवश्री चक्रवर्ती ने किया और धन्यवाद ज्ञापन गौरव दीक्षित, कार्य प्रबंधक, जनसंपर्क ने प्रस्तुत किया।

## टिकट जांच में जबलपुर मंडल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जबलपुर।** मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के निर्देशन पर मण्डल में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर चलाए गए टिकट जांच अभियानों में जबलपुर रेल मंडल के टिकट निरीक्षकों की टीम ने बिना टिकिट अनबुक्ड लगेज अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध अक्टूबर 2025 माह में टिकट जांच के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि दर्ज की है। इस माह मंडल ने कुल 57 हजार अनाधिकृत यात्रियों पर कार्रवाई करते हुए 3.86 करोड़ का रेल राजस्व अर्जित किया है। यह प्रदर्शन न केवल निर्धारित मासिक लक्ष्य 44 हजार मामले एवं 2.64 करोड़ से अधिक है, बल्कि पिछले वर्ष के इसी माह के आंकड़ों 38 हजार मामले एवं 2.16 करोड़ की तुलना में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है।